हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(नवम् सत्र)

मौखिक उत्तर हेतु स्थगित प्रश्न

शुक्रवार, 21 अगस्त, 2015 /30 श्रावण, 1937 (शक्)

[मुख्य मंत्री - सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - वन मंत्री - उद्योग मंत्री - शहरी विकास मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री].

कुल प्रश्न - 3

भूतपूर्व सैनिकों की रिक्तियां

*1643 **श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 1.4.2013 से 15.2.2015 तक प्रदेश के विभिन्न विभागों में भूतपूर्व सैनिकों के लिए चिन्हित कितने पद रिक्त थे; ब्यौरा श्रेणी का विभागशः दें; और

(ख) इनमें से कितने पद स्थाई/अस्थाई रूप से भरे गये; ब्यौरा श्रेणी का विभागशः दें?

विश्राम गृह/निरीक्षण हटों की मरम्मत

*1690 **श्री सतपाल सिंह सत्ती(ऊना) :**
श्री बिक्रम सिंह(जसवां-प्रागपुर) :

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में प्रदेश में व प्रदेश के बाहर विभिन्न विभागों, निगमों/बोर्डों व स्वायत्तशासी संस्थानों के विश्राम गृह, निरीक्षण हट कहां-कहां पर हैं तथा उनमें कितनी-कितनी आवास सुविधा उपलब्ध है; ब्यौरा विश्राम गृह/निरीक्षण हटवार दें; और

(ख) दिनांक 25 दिसम्बर, 2012 से 15 फरवरी, 2015 तक उक्त विश्राम गृहों, निरीक्षण हटों की मरम्मत हेतु कितनी-कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा अलग-अलग दें?

रोड़ टैक्स

*1729 **श्री सतपाल सिंह सत्ती** (ऊना)ः

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश में जे0एन0एन0यू0आर0एम0 के अन्तर्गत प्राप्त कितनी बसें विभिन्न रूटों पर चल रही हैं और इनसे प्रति मास कितनी धनराशि रोड़ टैक्स के रूप में प्राप्त हो रही है; ब्यौरा डिपोवार दें;

(ख) इनमें से कितनी बसें बिना रूट परमिट के चल रही हैं; और ऐसी बसों से प्रदेश को रोड़ टैक्स के रूप में कितनी हानि हो रही है; और

(ग) सरकार द्वारा ऐसे बस मालिकों व पथ परिवहन निगम के विरूद्ध क्या-क्या कार्रवाई की गई है; ब्यौरा दें ?

शिमलाः 171004. **सुन्दर सिंह वर्मा ,**
दिनांकः 13 अगस्त ,2015. **सचिव।**